संख्या-01/2026/1694/छप्पन-2026

प्रेषक,

ईशान प्रताप सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक : 05 जनवरी , 2026

विषय: नये क्रय किये जा रहे AW139 हेलीकाप्टर पर Avionics Phase 8 Training Slot हेतु दिनांक 06 जनवरी, 2026 में नागरिक उड्डयन निदेशालय के कै0 अमित कुमार भूटानी, कै0 अक्षय जायसवाल तथा कै0 राजेश कुमार शर्मा, पायलट (रोटर विंग) की Training हेतु दिनांक 04 जनवरी, 2026 से दिनांक 08 जनवरी, 2026 (यात्रा दिवस सम्मिलित करते हुए) तक विदेश यात्रा की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-156/ना0उ0नि0/आप्स-75/2025 दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में AW139 हेलीकाप्टर की Avionics Phase 8 Training Slot हेतु दिनांक 06 जनवरी, 2026 में निदेशालय के कै0 अमित कुमार भूटानी, कै0 अक्षय जायसवाल तथा कै0 राजेश कुमार शर्मा, पायलट (रोटर विंग) को प्रतिभाग करने हेतु दिनांक 04 जनवरी, 2026 को इटली जाने तथा ट्रेनिंगोपरान्त दिनांक 08 जनवरी, 2026 (कुल 05 दिन) को वापस आने की विदेश यात्रा की स्वीकृति निम्नांकित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) उपर्युक्त विदेश प्रशिक्षण की अवधि कै0 अमित कुमार भूटानी, कै0 अक्षय जायसवाल तथा कै0 राजेश कुमार शर्मा पायलट (रोटर विंग) को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-दो से चार के मूल नियम 9(6बी)(1) के अन्तर्गत ड्यूटी पर माना जायेगा तथा उक्त अवधि में उन्हें मूल नियम-20 के अन्तर्गत वही वेतन व भत्ता देय होगा, जो उन्हें अन्यथा मिलता, यदि उन्हें विदेश प्रशिक्षण आदि के लिए न भेजा जाता।

(2) प्रशिक्षण से पूर्व अथवा बाद में सम्बन्धित अधिकारी को कोई कार्य भार ग्रहण काल नहीं दिया जायेगा, परन्तु विदेश में गन्तव्य स्थान पर जाने, वहां से भारत वापस लौटने में व्यतीत हुआ उचित समय प्रशिक्षण/विदेश यात्रा काल का अंश माना जायेगा।

(3) कै0 अमित कुमार भूटानी, कै0 अक्षय जायसवाल तथा कै0 राजेश कुमार शर्मा पायलट (रोटर विंग) को भारत से इटली एवं भारत की वापसी की हवाई यात्रायें नियमानुसार उन्हें अनुमन्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

श्रेणी में करनी होगी, जो भारत सरकार के समान वेतन पाने वाले अधिकारियों को समान परिस्थितियों में भारत सरकार के नियमों एवं आदेशों के अधीन अनुमन्य है।

(4) उक्त प्रशिक्षण पर होने वाला सम्पूर्ण व्यय (लखनऊ-इटली-लखनऊ वायुयान किराया, होटल तथा लोकल यात्रा भत्ता) का वहन M/s Leonardo Helicopter, Italy द्वारा किया जाएगा।

(5) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित कर लेंगे कि कै0 अमित कुमार भूटानी, कै0 अक्षय जायसवाल तथा कै0 राजेश कुमार शर्मा पायलट (रोटर विंग) के विरूद्ध कोई सतर्कता जांच/ विभागीय जांच लम्बित न हो। उक्त के अतिरिक्त आयोजित प्रशिक्षण, सेमिनार, विचार गोष्ठी इत्यादि में प्रतिभाग करने के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनदेशों एवं शर्तों एवं प्रतिबन्धों का सम्यक अनुपालन सुनिश्चित कर लिया जाये।

2- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या:जी-1-यू0ओ0- 01/दस-2026, दिनांक 02 जनवरी, 2026 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,
ईशान प्रताप सिंह
विशेष सचिव

संख्या-01/2026/1694(1)/छप्पन-2026 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ-10
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (सामान्य) अनुभाग-1/2 वित्त (लेखा) अनुभाग-1
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
6- सचिव, भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय/इकोनॉमिक अफेयर्स, मंत्रालय, नई दिल्ली।
7- सम्बन्धित पायलटगण।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in